बेहतर बिजली सेवा के लिए जागरूकता और कार्यक्रम : समुदाय के लिए एजेंडा
(प्रयास का एक महत्वपूर्ण प्रकाशन)

'प्रयास' पुणे स्थित एक पंजीकृत सहायतार्थ ट्रस्ट है। प्रयास की गतिविधियों में स्वास्थ्य, ऊर्जा, शिक्षण व देखभाल और संसाधन व आजीविका जैसे चार महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। प्रयास का ऊर्जा दल मुख्य रूप से विद्युत क्षेत्र में नीति विश्लेषण और नागरिक समाज संस्थानो के क्षमता विकास में सक्रिय है। प्रयास ऊर्जा दल ने गत वर्षों में ऊर्जा से जुड़े विभिन्न मुद्दों व परियोजनाओं पर कई महत्वपूर्ण रिपोर्टों का प्रकाशन एवं कई क्षमता विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया है। पिछले कुछ सालों से, ऊर्जा दल ने मुख्य रूप से अपना ध्यान ऊर्जा क्षेत्र में सुधार और नियमन से सम्बन्धित मुद्दों पर केन्द्रित किया है।

आज बिजली स्वास्थ्य और शिक्षा के बाद एक मूलभूत सुविधा बन गई है। बिजली के बगैर आज व्यावसायिक, औद्योगिक और खेती की गतिविधियां असंभव प्रतीत होती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार सन 2007 तक 81 प्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो चुका था, जबकि 56 प्रतिशत घरो में बिजली के कनेक्शन हैं। वास्तव में बिजली ने जीवन स्तर सुधारने में मदद की है और यह देश के विकास में बहुत बड़ी भूमिका अदा करती है। लेकिन आंकड़ो और वास्तविकता में काफी फर्क है।

लेकिन गरीबों के लिए बिजली की आपूर्ति तब तक उपेक्षित रहेगी जब तक कि समुदायों की ओर से इसमें सुधार के लिए दबाव नहीं बनाया जाएगा। इस क्षेत्र में कार्यक्षमता में यदि व्यापक कमी होती है तो समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। इस क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और भागीदारी सुनिश्चित करके कम्पनियों पर गरीबों के मुद्दों को हल करने के लिए दबाव बढ़ाया जा सकता है और अकार्यक्षमता को कम किया जा सकता है। इस सन्दर्भ में, नियामक आयोगों के साथ–साथ उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच और मागदर्शक संस्थाएं उन लोगों के लिए जबरदस्त अवसर प्रदान करती है जो गरीबों के हितों को आगे बढ़ाने के इच्छुक हैं।

इन समस्त मुद्दों पर तथ्यपरक जानकारी प्रयास द्वारा प्रकाशित पुस्तिका **''बेहतर बिजली सेवा के लिए जागरूकता और कार्यक्रम : समुदाय के लिए एजेंडा''** में उपलब्ध है। यह पुस्तिका गरीबों को बेहतर बिजली सेवा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप के लिए एक ढांचा प्रस्तुत करती है। यह उन मुद्दों की एक रूपरेखा प्रदान करती है जिनका गरीबों को सामना करना पड़ता है। यह बिजली अधिनियम 2003, राष्ट्रीय नीतियों और राज्य नियामक प्रणालियों के प्रमुख प्रावधानों की व्याख्या करती है जो कि गरीबों के मुद्दों को हल करने में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। यह गरीबों के साथ काम करने वाले जनसंगठनों के नेताओं के प्रयास को समर्थन करने और बिजली क्षेत्र में उनकी समस्याओं को हल करने के लिए सहायक होने की उम्मीद करती है। यह गरीबों द्वारा उपभोक्ताओं के तौर पर सामना किए जाने वाले तात्कालिक मुद्दों के साथ–साथ इस क्षेत्र में उनके लिए एक नागरिक के तौर पर महत्वपूर्ण व्यापक मुद्दों को शामिल करती है। इन मुद्दों में प्रमुख हैं कनेक्शन पाने में देरी, ज्यादा बिल, परेशानी आदि। यह पुस्तिका सेवा प्रदाताओं के सदस्यों, नियामक सदस्यों, क्षेत्र विश्लेषकों और नीति निर्माताओं को बिजली क्षेत्र में गरीबों को प्रभावित करने वाले मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाने की भी उम्मीद करती है।

उम्मीद है यह पुस्तिका बेहतर बिजली सेवा में आम लोगों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। पुस्तक में उपलब्ध सामग्री पर सुधि पाठको के सुझाव एवं टिप्पणियों का स्वागत रहेगा।

प्रयास ऊर्जा दल, पुणे के सदस्यों व अन्य विशेषज्ञों के संयुक्त प्रयास से तैयार इस पुस्तिका को दिल्ली स्थित सैण्ड्रप के सदस्यों ने भाषान्तर में सहयोग किया है।

पुस्तिका की निवेदित सहयोग राशि 30 रुपये है एवं इसकी प्रति के लिए कृपया निम्न पते पर सम्पर्क करें।

प्रकाशक :

प्रयास

आठवले कार्नर,
कर्वे रोड, डेक्कन जिमखाना
पुणे – 411004
फोन : 020 – 65205726; फैक्स : 020 – 25420337
ईमेल : prayasenergy@vsnl.net
वेबसाइट : www.prayaspune.org/peg